किए गए हैं। जहां भी संभव हो वहां अपशिष्ट का संसाधन के रूप में उपयोग करने को बढ़ावा देने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

एशियाई देशों के वनस्पति शास्त्रियों की बैठक

3610. श्री अर्जुन जोगी :
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एशिया जैविक सम्पदा को दोहन से बचाने के लिए एशियाई देशों के प्रमुख वनस्पतिशास्त्रियों की एक बैठक हुई थी;

(ख) क्या भारत के वनस्पतिशास्त्रियों ने भी इस बैठक में भाग लिया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस बैठक में किन-किन मुद्दों पर चर्चा हुई और इसके क्या निष्कर्ष रहे ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) 26-28 अक्तूबर, 1992 को चियांग माइ (थाईलैंड) में वन्य प्राणिजात और वनस्पतिजात की संकटापन्न प्रजातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कन्वेंशन (साइट्स) की पादप समिति की एक बैठक हुई जिसका उद्देश्य जैविक संपदा के व्यापार का जायजा लेना और साइट्स विनियमों के अन्तर्गत निवारक उपायों पर विचार-विमर्श करना था।

(ख) और (ग) भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के निदेशक ने इस बैठक में भाग लिया।

(घ) बैठक में साइट्स के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई और यह सिफारिश की गई कि कन्वेंशन के सभी सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि साइट्स को प्रजातियों और उनके व्युत्पन्नों का निर्यात और आयात मापदण्डों के अनुसार ही हो। यह भी सिफारिश की गई कि साइट्स विनियमों के कार्यान्वयन गैर-सदस्य देशों का भी निकट सहयोग प्राप्त किया जाए, इसके अलावा साइट्स प्रजातियों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण के लिए सभी उचित उपाय किए जाएं।

Export of Marble from Aravalis

3611. SHRI RAM NARAYAN GOSWAMI :

SHRI SUNIL BASU RAY :

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have permitted export of marble mainly from Aravalis at the cost of environment of the area; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) and (b) Export of Marble is not covered under Export Trade Contro' Order and is therefore, freely allowed. However, prior approval of Central Government is essential before a mining lease is granted in respect of any forest area and the approval, when accorded, is subject to effective implementation of environmental safeguards. In the case of Aravalis, the provisions of the Notification under Environment (Protection) Act, 1986 dated 7th May, 1992 are applicable.

Representation from Lok-Raj Suraksha Samiti regarding Pollution by M/s. Associated Distillery Limited

3612. SHRI SATISH PRADHAN : Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state :

(a) whether Government have received representation from Lok-Raj Surakshsi

Samiti fonnd by citizens of Hissar and surrounding areas on pollution and environmental, hazards created by M/s. Associated Distillery Limited, if so, what action Government propose to take against the distillery;

(b) whether the Distillery has been operating without N.O.C. from air, water pollution control boards;

(c) whether it is a fact that State Pollution Board of Haryana was dissolved to protect the M/s. Associated Distillery Ltd; and

(d) whether it is a fact that the Distil lery belongs to a close relation of high rank ing Minister in the State of Haryana ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) Yes, Sir. According to the Government of Haryana M/s. Associated Distillery Ltd. has taken adequate steps to the satisfaction of the State Pollution Control Board to comply with the requirements for pollution control.

(b) and (c) No Sir.

(d) Yes Sir.

वन (संरक्षण) अधिनियम का निरस्तीकरण

3613. चौधरी हरि सिंह : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने वन (संरक्षण) अधिनियम को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है या किए जाने का विचार है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) मध्य प्रदेश सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Pak support to separation movement in India

3614. SHRI IQBAL SINGH :

SHRI SURESH PACHOURI :

WiU the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government's attention have been drawn to a CIA study stat.ng that Pakistan's military intelligence used narcotics to fund separatist movement in India;

(b) if so, the details thereof and Government reaction thereon;

(c) whether Government propose to take it up with U.S. and other western world and expose Pakistan and its dubious role; and

(d) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH) : (a) to (d) Government have seen press reports in this regard. Government have on several occasions expressed concern over Pakistan's support to terrorism in India and the nexus between terrorism and narcotic trafficking. This issue is part of a continuing dialogue and exchange of information between the Governments of India and United States.

Government have and will continue to apprise the international community of the factual position regarding Pakistan's involvement with terrorism directed against India. There is growing international concern at the support that the terrorists receive in Pakistan.

संयुक्त राष्ट्र संघ को भारत द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि

3615. श्री दिलीप सिंह जूदेव: क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 तक संयुक्त राष्ट्र संघ और इसके अन्य अभिकरणों को